कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

क्षेत्रीय कार्यालय/Regional Office
पंचदीप भवन,ई.डी.सी.प्लॉट सं.23,पाट्टो,पणजी,गोवा-403001
Panchdeep Bhavan, EDC Plot No. 23, Patto, Panaji, Goa-403001
Phone: 0832-2438853 ई-मेल/E-mail :rd-goa@esic.nic.in,
वेबसाइट/Website : www.esic.nic.in
Toll free no-1800-11-2526/3839 Fax No-0832-2438858

32-ए-11/11/89-राजभाषा-1(खंड 2) दिनांक 08.11.2024

# परिपत्र

**विषय:- क्षेत्रीय निदेशक(प्रभारी) की अध्यक्षता में दिनांक 17.10.2024 को सम्पन्न विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के संबंध में ।**

क्षेत्रीय निदेशक(प्रभारी) की अध्यक्षता में दिनांक 17.10.2024 को सम्पन्न विभागीय राजभाषा का र्यान्वयन समिति की बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नानुसार निर्णय किए गए हैं:-

1. धारा 3(3) संबंधी सभी दस्तावेज़ अनिवार्यतः द्विभाषी रूप में ही जारी किए जाएँ।
**(कार्रवाई: हस्ताक्षरकर्ता अधिकारी/ शाखा कार्यालय प्रबन्धक/ शाखा अधीक्षक)**
2. वार्षिक कार्यक्रम वर्ष 2024-2025 में उल्लिखित निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के उपरांत अब उसे उत्तरोत्तर बढ़ाए जाने/बनाए रखने का भरसक प्रयास किया जाता रहे।
**(कार्रवाई: सभी शाखा अधिकारी/ शाखा कार्यालय प्रबन्धक/ शाखा अधीक्षक)**
3. राजभाषा शाखा द्वारा जारी जांच बिन्दु वर्ष 2024-2025 का पूर्णरूपेण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।
**(कार्रवाई: सभी शाखा अधिकारी/ शाखा कार्यालय प्रबन्धक/ शाखा अधीक्षक)**
4. सभी कार्मिक हस्ताक्षर हिन्दी में ही करें।
**(कार्रवाई: सभी शाखा अधिकारी/ शाखा कार्यालय प्रबन्धक/ शाखा अधीक्षक)**
5. हिन्दी में प्राप्त सभी पत्रों के उत्तर अनिवार्य रूप से हिन्दी में ही दिए जाएं।
**(कार्रवाई: सभी शाखाएँ एवं शाखाधिकारी/ शाखा कार्यालय एवं शाखा कार्यालय प्रबन्धक)**
6. सभी शाखा कार्यालय अपनी इकाई से संबन्धित राजभाषा की प्रगति संबंधी तिमाही प्रगति रिपोर्ट राजभाषा शाखा को प्रत्येक तिमाही अंत के 30 दिनों के अंदर भेजना सुनिश्चित करें।
**(कार्रवाई: सभी शाखा कार्यालय एवं शाखा कार्यालय प्रबन्धक)**
7. सभी शाखाएँ अपनी मासिक प्रगति रिपोर्ट आगामी माह की 10 तारीख तक भेजना सुनिश्चित करें।
**(कार्रवाई: सभी शाखाएँ एवं शाखाधिकारी)**

हेमंत

**(हेमंत कुमार)**
**उप निदेशक (राजभाषा (प्रभारी))**

सेवा में

1. क्षेत्रीय कार्यालय, गोवा की विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य।
2. क्षेत्रीय कार्यालय, गोवा के सभी अधिकारी/ अधीक्षक/ सामाजिक सुरक्षा अधिकारी/ शाखाएँ।
3. सभी शाखा प्रबन्धक, शाखा कार्यालय वास्को/ फॉण्डा/ महाप्सा/ मडगांव/ पणजी, गोवा।
4. वेबसाइट सामग्री प्रबन्धक को इसे क.रा.बी.निगम की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।
5. वैयक्तिक सहायक प्रकोष्ठ को इसे सभी संबंधितों को ईमेल करने हेतु प्रेषित।